प्रेस नोट–

थाना-सीपरी बाजार, जनपद-झाँसी

दिनांक– 18.06.2026

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने के अभियोग में वाँछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार में निरुद्ध किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपमा कुलश्रेष्ठ व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 17.06.2026 को थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा थाना स्तानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 271/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/108 BNS से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त रविन्द्र गुर्जर उर्फ लला गुर्जर पुत्र स्व0 होसियार सिंह गुर्जर निवासी ग्राम लकारा थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरणः-</u>

दिनांक 14.06.2026 को वादी द्वारा तहरीर किया कि उनकी बहन की शादी को 12 वर्ष हो गये थे तब से उसके पति रविन्द्र उनकी बहन को प्रताड़ित करते रहे उसके बाद उनकी बहन को रविन्द्र व सपना गुर्जर (नन्द) व शक्ति सिंह गुर्जर पुत्र दर्शन सिंह गुर्जर मेरी बहन को आये दिन मारपीट, गाली गलौज व प्रताड़ित करते रहे, जिससे उनकी बहन काजल गुर्जर ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर दिनांक 14.06.2026 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 271/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/108 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। विवेचना से संकलित साक्ष्य के आधार पर नामजद अभियुक्त रविन्द्र गुर्जर उर्फ लला गुर्जर पुत्र स्व0 होसियार सिंह गुर्जर निवासी ग्राम लकारा थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी उम्र करीब 38 वर्ष को दिनांक 17.06.2026 को बूढ़ा पुल के नीचे कानपुर की तरफ चढ़ान पर थाना क्षेत्र सीपरी बाजार झांसी से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया।

<u>नाम पता अभियुक्तगणः-</u>

1. रविन्द्र गुर्जर उर्फ लला गुर्जर पुत्र स्व0 होसियार सिंह गुर्जर निवासी ग्राम लकारा, थाना-सीपरी बाजार, जनपद-झाँसी उम्र करीब 38 वर्ष।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1. प्र0नि0 जय प्रकाश चौबे, थाना सीपरी बाजार, झाँसी ।
2. उ0नि0 दिलीप कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी ग्वालियर रोड थाना सीपरी बाजार जिला झाँसी
3. आरक्षी 880 विनोद कुमार मिश्रा थाना सीपरी बाजार, झाँसी ।